मध्य प्रदेश और उड़ीसा में दूरदर्शन और आकाशवाणी के नये केन्द्र

2612. श्री दिलीप सिंह जूदेव : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992–93 और 1993-94 के दौरान मध्य प्रदेश और उड़ीसा में कौन-कौन से स्थानों पर आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्रों के खोले जाने का विचार है ;

(ख) 31 जनवरी, 1993 तक इस प्रयोजन हेतु क्या कार्यवाही की गई है ;

(ग) क्या रायगढ़ जिले के जसपुर नगर या इचकेला में ये प्रसारण केन्द्र खोलने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो 31 मार्च, 1992 तक इस संबंध में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) और (ख) ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं। (नीचे देखिए)

(ग) जी, नहीं ।

विवरण

आकाशवाणी	1992-93 के दौरान चालू किये गए (31-01-1993 तक)	चालू करने के लिये तैयार/ तकनीकी रूप से तैयार 1992–93	1993–94 के दौरान चालू करने के लिये परिकल्पित
मध्य प्रदेश	रायगढ़ शहडोल बालाघाट	गुना सागर	
उड़ीसा	—	—	भवानी पटना बेहरामपुर राउरकेला बोलांगीर
दूरदर्शन			
मध्य प्रदेश	स्टूडियो, भोपाल उच्च शक्ति ट्रांसमीटर, जगदलपुर उच्च शक्ति ट्रांसमीटर, जबलपुर (अंतरिम रूप से स्थापित)		कार्यक्रम निर्माण सुविधा केन्द्र, रायपुर उच्च शक्ति ट्रांसमीटर, जबलपुर (शक्ति में वृद्धि-स्थायी रूप से स्थापित) दतिया, जावरा, अलीराजपुर, कुक्डेश्वर में अल्प शक्ति ट्रांसमीटर और
उड़ीसा	स्टूडियो, भुवनेश्वर अल्प शक्ति ट्रांसमीटर, पुरी		परासिया में अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर मलकांगिरि में अल्प शक्ति ट्रांसमीटर